उत्तर प्रदेश में आधे से अधिक स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएँ कर रही हैं

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश में पंजीकृत स्टार्टअप्स में से आधे से अधिक का **नेतृत्व अब महिलाएँ कर रही हैं,** जो राज्य के प्रगतिशील व्यापार परिदृश्य को दर्शाता है।

मुख्य बिंदु

- उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के अनुसार, राज्य में 13,370 से अधिक स्टार्टअप्स में से 6,812 से अधिक, यानी लगभग 51%, महिला उद्यमियों द्वारा संचालित हैं।
- राज्य **की स्टार्टअप नीति, जिसे शुरू में वर्ष 2020 में प्रस्तुत किया गया था और वर्ष 2022 में संशोधित किया गया था,** का उद्देश्य सभी 75 ज़िलों में 100 इनक्यूबेटर स्थापित करना है, जो नए उद्यमों के लिये एक दृढ़ बुनियादी ढाँचा प्रदान करेगा।
    - नीति में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिये विशेष रूप से तैयार की गई **वित्तीय प्रोत्साहन और सहायता प्रणालियाँ भी शामिल हैं।**
- उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप्स ने **सामूहिक रूप से 100,000 से अधिक नौकरियाँ सृजित की हैं,** जो राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।
- **एकल खिड़की मंज़ूरी प्रणाली, 'निवेश मित्र'** जैसी पहल, व्यापार अनुकूल वातावरण बनाने में सहायक रही हैं।
    - इसकी निपटान दर 97.22% है, जिसके **कारण इसे केंद्र सरकार से पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।**
- भविष्य को देखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ में **भारत का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता शहर विकसित करने** और AI पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिये एक विशेष कोष स्थापित करने की योजना बना रही है।
    - इन पहलों से तकनीकी स्टार्टअप और नवाचार के केंद्र के रूप में राज्य की लोकप्रियता में और वृद्धि होने की आशा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/women-lead-over-half-of-startups-in-uttar-pradesh